1st Alum Meet

Department of Political Science

4th of May 2022 Day Wednesday Time: 10.30 AM

Report of the Programme

गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के राजनीति वि ज्ञान वि भाग के द्वारा प्रथम पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन दि नांक 4/5/2022 को कि या गया| कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सामाजिक विज्ञानं संकाय के संकायाध्यक्ष प्रोफेसर प्रवीण मिश्रा उपस्थित हुए एवं संस्थान हेतु पूर्व छात्रों के अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला. साथ ही प्रोफेसर मिश्राजी ने छात्रों के मध्य समन्वय एवं सहयोग को बढ़ने पर बल दिया क्योंकि वे ही संस्थान के ब्रांड एम्बेसडर की भूमिका का निर्वहन सम्पूर्ण जिम्मेदारी के साथ करते हैं.

प्रोफेसर विशन सिंह राठौर जोकि विशिष्ट अतिथि एवं अध्यक्ष पूर्व छात्र समिति के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित हुए एवं जो स्वयं बेस्ट एलम अवार्डी रहे हैं उन्होंने पूर्व छात्रों को विश्वविद्यालय एवं समाज के मध्य एक मजबूत कड़ी के रूप में परिभाषित किया. साथ ही पिछले एक वर्ष में विश्वविद्यालय में आये सकारात्मक परिवर्तन पर चर्चा करते हुए इसका समस्त श्रेय माननीय कुलपति प्रोफेसर अलोक चक्रवालजी को दिया. माननीय कुलपति जी के निर्देशन एवं सकारात्मक समर्थन ही विभिन्न कार्यो के सफलतापूर्वक सम्पादित होने का प्रेरणास्त्रोत रहा है ऐसा वर्णित किया गया.

विशिष्ट अतिथि डॉक्टर अमित खासकलम ने विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर पूर्व छात्रों के पंजीकरण की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला एवं साइबर जागरूकता पर अपने विचार व्यक्त किये.

विभागाध्यक्ष प्रो. अनपुमा सक्सेना कार्यक्रम के अध्यक्ष के रूप में उपस्थित रही एवं उन्होंने पूर्व छात्रों के अमूल्य सहयोग विभाग एवं वर्तमान छात्रों हेतु प्लेसमेंट, इंटर्नशिप एवं फेल्लोव्शिप्स हेतु अवसर प्रदाय करने के सन्दर्भ में अपनी अपेक्षाएं साझा की.

कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर सान्तवना पांडे ने किया एवं अतिथियों का स्वागत एवं प्रतीक चिन्ह पूर्व छात्रों द्वारा प्रदाय किया गया.

छात्रों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया. विभाग के पूर्व छात्र एवं राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता नितेश साहू द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया.

समस्त पूर्व छात्रो द्वारा माननीय कुलपति जी के नेतृत्व में विश्वविद्यालय की उत्तरोत्तर प्रगति एवं विकास के कार्यो का ह्रदय से समर्थन एवं प्रशंसा की एवं विभाग एवं विश्विद्यालय की प्रगति में अभूतपूर्व योगदान देने का आश्वासन भी दिया।

सभी पूर्व छात्रों द्वारा अपने अनुभवों को साझा करते हुए उपस्थित छात्रों को जीवन की सफलता के मंत्र दिए गए.

सांस्कृतिक प्रस्तुति के पश्चात् विभागाध्यक्ष द्वारा पूर्व छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए इस पूर्व छात्र गतिविधियों को जीवंत बनाये रखने का सुझाव दिया गया.

कार्यक्रम का समापन सभी को धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ.

4-5-2022

विभागाध्यक्ष
HEAD
राजनीति विज्ञान एवं लोक प्रशासन विभाग
Department of Political Science
and Public Administration
गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)
Guru Ghasidas Vishwavidyalaya
BILASPUR (C.G.)